JAMAL SIDDIQUI
NATIONAL PRESIDENT
MINORITY MORCHA

भारतीय जनता पार्टी
Bharatiya Janata Party

दिनांक : 06/01/2025

प्रति,

माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी

प्रधानमंत्री, भारत सरकार

विषय :- India Gate का नाम बदल कर भारत माता द्वार करने के लिए निवेदन।

सादर नमस्कार,

आपके नेतृत्व में भारत के 140 करोड़ भारतीय भाई-बहनों के दिल में राष्ट्र प्रेम एवं भारतीय संस्कृति के प्रति प्यार में समर्पण की भावना बढ़ी हैं। जिस प्रकार से आपके कार्यकाल में मुग़ल आक्रांता एवं लुटेरे अंग्रेजों द्वारा दिए गए घाव को भरा गया है एवं ग़ुलामी के दाग़ को धोया है, इससे पूरे भारत में ख़ुशी है।

महोदय आपने करूर मुग़ल औरंगज़ेब के नाम पर बनी रोड का नाम बदलकर ए.पी.जे. कलाम रोड किया, इंडिया गेट पर लगे किंग जॉर्ज पंचम की मूर्ति हटाकर नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की मूर्ति लगाई एवं राजपथ का नाम कर्तव्य पथ करके भारत की संस्कृति से जोड़ा है। उसी प्रकार से इंडिया गेट का नाम बदलकर भारत माता द्वार करने की कृपा करें।

इंडिया गेट को भारत माता द्वार करने से उस स्तंभ पर दर्ज हज़ारो शहीद देशभक्तों के नाम को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आपसे विनम्र अनुरोध है कि मेरे प्रस्ताव पर विचार कर भारत माता द्वार करने की कृपा करें।

धन्यवाद।

आपका

(जमाल सिद्दीक़ी)

6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110 002, दूरभाष : 011-23500000 फैक्स : 011-23500190
6-A, Deendayal Upadhyay Marg, New Delhi-110 002, Phone : 011-23500000 Fax : 011-23500190